
# गंतव्य प्रबंधन योजना 2019-2024

## समुदाय के लिए सार-संक्षेप

CITY OF PARRAMATTA



# परिचय

पर्यटन और पर्यटक अर्थव्यवस्था बदल रही है। यात्रा, व्यवसाय और अवकाश के अनुभवों की खोज करने, योजना बनाने, उपलब्ध होने और उपभोग करने के तरीकों में पूरी तरह से बदलाव आ रहा है। पर्यटन अब पहले की तुलना में सीमाओं के दायरे से बाहर निकल चुका है - अब कोई भी व्यक्ति पर्यटक और पर्यटन संचालक बन सकता है। इंटरनेट, नयी तकनीकी, सोशल मीडिया, साझा अर्थव्यवस्था तथा अंतर-पीढ़ी पर्यटन का अर्थ है कि लोगों की उम्मीदें लगातार रूप से विकसित हो रही हैं, और इसके कारण पर्यटन उद्योग को भी विकसित होना चाहिए।

पैरामाटा सिटी गंतव्य प्रबंधन योजना 2019-2024 (DMP) को इसी बदलते हुए परिवेश के अनुसार बनाया गया है। DMP पैरामाटा सिटी के स्थानीय सरकारी क्षेत्र का सर्वेक्षण करके इसके गंतव्य और पर्यटक अर्थव्यवस्था के लिए 2024 तक का पाँच-वर्षीय लक्ष्य निर्धारित करती है। भविष्य में पैरामाटा सिटी को सिडनी की "सेंट्रल-सिटी" के तौर पर विकसित करने का लक्ष्य रखते हुए DMP पाँच-वर्षीय योजना का अवलोकन, अपनी कार्यनीति कि दिशाएँ, और अपने आरंभिक तीन वर्षों (2019-2022) में लागू किए जाने वाले उच्च-स्तर के कार्यों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराती है।

वर्तमान में पैरामाटा सिटी 8,375 वर्ग किलोमीटर में फैली हुई है और यहाँ की आबादी लगभग 2,35,000 है। वर्ष 2024 तक इसकी आबादी बढ़कर लगभग 3,00,000 हो जाने की उम्मीद है।

DMP सरकार, उद्योग, व्यवसाय और समुदाय के बीच साझेदारी के महत्व की पहचान करती है। उभरते हुए रुझानों और अवसरों से लाभ उठाने के लिए काउंसिल राज्य सरकार और उद्योग के भागीदारों के साथ मिलकर एक ऐसा शहर बनाने के लिए काम कर रही है, जो निवासियों और पर्यटकों - इन दोनों के लिए समान रूप से रचनात्मकता और आनंद को बढ़ावा दे पाए। अत्यावश्यक परिवहन, सांस्कृतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा रहा है और वहनीय रूप से शहर के विकास का प्रबंधन करने के लिए सुंदर सार्वजनिक स्थान बनाए जा रहे हैं।

अगले तीन से पांच वर्षों की मुख्य चुनौतियों में पर्यटकों की आवश्यकताओं, इच्छाओं और आकांक्षाओं का प्रबंधन करना, और शहर के केंद्र तथा आस-पड़ोस के स्थानों में महत्वपूर्ण विकास होने के साथ-साथ लोगों को ऊँची गुणवत्ता के उत्पाद तथा अनुभव उपलब्ध कराना शामिल है। प्रमुख परियोजनाओं में पैरामाटा लाइट रेल, पैरामाटा घाट (नवीकृत फेरी घाट और आगमन स्थल), पैरामाटा स्क्वायर और एक नया वेस्टर्न सिडनी स्टेडियम शामिल हैं। न्यूविंग्टन आर्मरी घाट और सिडनी ओलंपिक पार्क की उभरती योजनाओं में भी बड़े सुधार किए जाएँगे।



पैरामसाला उत्सव
फोटो: Salty Dingo

## गंतव्य प्रबंधन योजना के उद्देश्य

उद्योग, सामुदायिक प्रतिभागी और सरकारें साथ मिलकर पैरामाटा शहर के आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में योगदान के लिए काम करती है। हम:


- स्थायी व्यवसाय विकास, निवेश और वृद्धि के लिए एक सकारात्मक माहौल बनाएँगे
- पर्यटकों को गुणवत्ता और विविधता वाले अर्थपूर्ण अनुभव उपलब्ध कराएँगे
- यह सुनिश्चित करेंगे कि पर्यटक पैरामाटा सिटी को एक गंतव्य के रूप में चुनें, अपने अनुभवों के बारे में सकारात्मक रूप से बात करें और दूसरों को यहाँ आने की सलाह दें
- एक वहनीय पर्यटन उद्योग का निर्माण करेंगे, ताकि शहर में पर्यटक और भी अधिक दिनों के लिए ठहरें और ज़्यादा खर्चा करें
- सिटी के बारे में पर्यटकों की धारणाएँ बदलेंगे।

# पर्यटक अर्थव्यवस्था का बदलता हुआ चेहरा

पूरे विश्व भर में पर्यटक संवृद्ध होते हुए तरीके से अधिक परिष्कृत बन रहे हैं, और भी अधिक यात्रा कर रहे हैं और अपने गंतव्यों और अपने लिए उपलब्ध उत्पादों और अनुभवों में अच्छी गुणवत्ता की मांग कर रहे हैं। पर्यटन बाज़ार अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है, जिसमें लगभग 200 देश पर्यटकों से प्राप्त होने वाली आमदनी के लिए सक्रिय रूप से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

## वैश्विक यात्रा और पर्यटन के प्रमुख रुझान

- **पर्यटक अनूठे अनुभवों की मांग कर रहे हैं।** पर्यटक अल्पज्ञात स्थानीय क्षेत्रों में दैनिक जीवन की एक झलक पाने के लिए उन क्षेत्रों में जाना पसंद करते हैं। अब वे उत्पादों के बजाय ऐसे अनुभवों पर पैसा खर्च कर रहे हैं जो किसी जगह को अनूठा बनाता है।
- **साझा अर्थव्यवस्था।** Airbnb में स्थानीय लोगों की तरह रह पाना और एक स्थानीय Uber चालक के साथ कार में घूमना स्थानीय अनुभव की प्रामाणिकता को संवृद्ध करता है।
- **अकेले यात्रा करने वाले पर्यटक।** मिश्रित आवास शैलियों से लेकर रोमांचक यात्राओं पर अकेले निकलने वाले पर्यटक के बजट के अंदर आने वाले अनुभवों तक - रोमांच पर अकेले निकलने के ऐसे रुझान पूरी दुनिया में बढ़ रहे हैं।
- **अंतर-पीढ़ी अनुभव।** अपने नाती-पोतों के साथ यात्रा करते समय दादा-दादी और नाना-नानी ऐसे अनुभवों की खोज कर रहे हैं जिन्हें वे उनके साथ साझा कर सकें।
- **हमेशा उपलब्ध रहने वाली तकनीकी।** नेविगेशन और प्लानिंग के अनुभवों से लेकर सोशल मीडिया पर दोस्तों के साथ यात्रा के अनुभव साझा करने तक या फिर रात में टिकने के स्थान की समीक्षा अपलोड करने तक - डिजिटल उपकरण अवकाश के अनुभवों की गुणवत्ता के बारे में जानकारी एकत्र कर रहे हैं।





पैरामाटा लेन्स उत्सव
फोटो: George Gittany

# हमारे पर्यटक

जून 2018 की समाप्ति तक 12 महीनों में पैरामाटा शहर में लगभग 12.95 लाख पर्यटक (डे-ट्रिपर्स सहित) आए, जिनसे प्रत्यक्ष आगंतुक खर्च के रूप में मेंअनुमानित $86.4 करोड़ (पिछले 12-महीनों की अवधि से 4% अधिक) की प्राप्ति हुई।

जून 2018 में समाप्त होने वाले वर्ष में शीर्ष के घरेलू स्रोत (क्रमबद्ध तरीके से) क्षेत्रीय एनएसडब्ल्यू, विक्टोरिया और सिडनी रहे।

रात में ठहरने वाले घरेलू आगंतुकों द्वारा की जाने वाली सबसे लोकप्रिय गतिविधियां (क्रम से) बाहर खाने/भोजन करने, दोस्तों और रिश्तेदारों से मिलने, आनंद के लिए खरीदारी करने, पर्यटन स्थल/आस-पास देखने, या संगठित खेल कार्यक्रम में भाग लेने के लिए थीं।

2018 में शीर्ष के पांच अंतरराष्ट्रीय स्रोत बाज़ार कोरिया (30.3%), चीन (24.0%), भारत (20.0%), न्यू ज़ीलैंड (16.6%) और सँयुक्त राज्य अमेरिका (9.1%) थे। अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों की शीर्ष की तीन सबसे लोकप्रिय गतिविधियाँ (क्रम से) बाहर खाने/भोजन करने, आनंद के लिए खरीदारी करने और पर्यटन स्थल/आस-पास देखने के लिए थीं।

# हमारी योजना की तैयारी

अनूठे अनुभवों, उत्पादों, सेवाओं और पर्यटन-बाज़ारों के  विकास को उपभोक्ताओं की अगुवाई के तहत तैयारी के दृष्टिकोण पर आधारित होना चाहिए। DMP के विकास में वैश्विक रुझानों पर अनुसंधान, डेस्कटॉप अनुसंधान और वर्तमान उत्पादों, अनुभवों और सेवाओं की जांच के साथ-साथ अनेकानेक उद्योग और सरकारी परामर्श तथा गोलमेज चर्चाएँ भी शामिल रहीं।

DMP को उद्योग हितधारकों के साथ साझेदारी में और काउंसिल की *सामुदायिक कार्यनीति योजना 2018-2038* के साथ विकसित किया गया। इसमें *सुपुर्दगी कार्यक्रम* और *परिचालनात्मक योजना* के साथ-साथ काउंसिल की अन्य योजनाएँ और कार्यनीतियाँ, जैसे *पैरामाटा बाइक योजना, पैरामाटा वेज़ वॉकिंग स्ट्रेटेजी* और *सिडनी ओलंपिक पार्क मास्टर प्लान 2030* भी शामिल थीं।

DMP को विशेष रूप से राज्य और क्षेत्रीय योजनाओं की मान्यता के साथ-साथ भी तैयार किया गया था; *2030 के लिए एनएसडब्ल्यू पर्यटक अर्थव्यवस्था उद्योग कार्य योजना,* ग्रेटर सिडनी आयोग की क्षेत्र योजना, *तीन शहरों का एक महानगर,* और एनएसडब्ल्यू सरकार की *पश्चिमी सिडनी पर्यटक अर्थव्यवस्था रणनीति 2017/18 - 2020/21।*

अनुसंधान और जाँच से प्राप्त किए गए महत्वपूर्ण निष्कर्षों और निहितार्थों का विवरण देने वाली एक परामर्श रिपोर्ट DMP की तैयारी का मुख्य स्रोत थी।




UNIT MX



# हमारी कार्य योजना

गंतव्य प्रबंधन के तीन तत्व निम्नलिखित समीकरण में प्रस्तुत किए गए हैं:

**योजना** + **विकास** + **विपणन**

गंतव्य प्रबंधन योजना (DMP) | गंतव्य अनुभव और उद्योग का विकास | गंतव्य स्थिति और विज्ञापन

## शहर की पर्यटक अर्थव्यवस्था के लिए गंतव्य प्रबंधन योजना

पाँच-वर्षीय लक्ष्य

तीन फोकस क्षेत्र

आठ कार्यनीति दिशाएँ

तीन-वर्षीय कार्यान्वयन कार्यक्रम



## हमारे गंतव्य विषय

DMP के लिए विषयों को उद्योग और व्यापारिक हितधारकों से परामर्श के साथ विकसित किया गया था। पाँच प्रमुख विषय हैं:

- प्रामाणिक और सुलभ भोजन
- कला और संस्कृति, आयोजन और मनोरंजन
- सांस्कृतिक विरासत
- बाहर की जाने वाली गतिविधियाँ
- खेल।

## हमारे प्राथमिकता परिसर

सभी पांच गंतव्य विषयों से जुड़े उत्पादों, सेवाओं और अनुभवों का विश्लेषण किया गया। उन्हें वैयक्तिक/बाज़ार के लिए तैयार, उभरते हुए/विकासशील या आला/विशेषीकृत के रूप में वर्गीकृत किया गया था।

शहर के परिसरों और आस-पड़ोसों के इस विश्लेषण के आधार पर DMP के कार्यान्वयन के पहले तीन वर्षों में निम्नलिखित स्थलों पर ध्यान दिया जाएगा:

- सिटी सेंटर सीबीडी (विक्टोरिया रोड के उत्तर में)
- पैरामाटा पार्क (यूनेस्को विश्व विरासत क्षेत्र)
- हैरिस पार्क - रोज़हिल - रिडलेमर (हैरिस पार्क राष्ट्रीय विरासत क्षेत्र और टाउन सेंटर, रोज़हिल गार्डन सहित)
- पैरामाटा नदी कोरिडोर (पश्चिमी सिडनी विश्वविद्यालय परिसर सहित), जो नदी और सड़क परिवहन के विकल्पों और अनुभवों के माध्यम से पैरामाटा पार्क और बाइसेन्टेनियल पार्क को जोड़ता है
- ओलंपिक प्रायद्वीप।

ऊपर सूचीबद्ध स्थानों के अलावा वेस्टमीड इनोवेशन डिस्ट्रिक्ट और पैरामाटा नॉर्थ (हेरिटेज कोर सहित) के उभरते हुए/विकासशील स्थानों के विस्तार और महत्व के बढ़ने के साथ-साथ इन क्षेत्रों में संचार के ऊपर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# तीन वर्षीय कार्यान्वयन कार्यक्रम (2019-2022)

इस कार्यान्वयन कार्यक्रम की अवरचना DMP के तहत पहले तीन वर्षों (2019 से 2022) में पैरामाटा शहर में पर्यटक अर्थव्यवस्था के दिशा-निर्देशन के लिए की गई है। इसे मजबूत उद्योग संलग्नता और तीन प्रमुख फोकस क्षेत्रों के इर्द-गिर्द बनाया गया है, जिसमें से प्रत्येक क्षेत्र में कई कार्यनीतिक दिशाएं और संबंधित कार्य शामिल हैं।

## उद्योग भागीदारी और संलग्नता

उद्योग की भागीदारी के लिए हमारा दृष्टिकोण काउंसिल की सामुदायिक कार्यनीति के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होगा। जैसे-जैसे इस DMP का कार्यान्वयन विकसित होता है, इस बात की परिकल्पना की जाती है कि समुदायों, व्यवसायों और सरकारों के साथ मिलकर बेहतर काम करने के माध्यम से हितधारकों की आकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए नए नेटवर्क और साझेदारियां विकसित होती जाएँगी, और ये सभी मिलकर कार्यनीतिक दिशाओं और उद्देश्यों की दिशा में काम करेंगे।

गंतव्य विषयों या पहचाने गए परिसरों के आधार पर कार्य समूहों या मंचों को भी स्थापित किया जाएगा। उनके कार्यों में जानकारी को समन्वित करना और ज्ञान को साझा करना तथा पर्यटकों के लिए एक एकीकृत गंतव्य अनुभव विकसित करने की दिशा में काम करना शामिल होगा।

नियमित, शहर-व्यापी मंच पर्यटक अर्थव्यवस्था के हितधारकों को चुनौतियों और अवसरों का जवाब देने में सक्षम बनाएंगे।

## कार्य के लिए फोकस क्षेत्र

DMP में निम्नलिखित तीन फोकस क्षेत्र सर्वोत्तम गंतव्य प्रबंधन निष्पादन के केंद्रीय तत्वों पर आधारित हैं। इनमें से प्रत्येक फोकस क्षेत्र के साथ संरेखित किए गए कार्यनीतिक दिशा-निर्देश DMP द्वारा अतिव्यापी उद्देश्य प्राप्त करने के लिए कार्यों को निर्दिष्ट करेंगे।



| फोकस क्षेत्र | कार्यानीतिक दिशा-निर्देश |
|---|---|
| **गंतव्य अनुभव** | **पहचाने गए विकास के अवसरों के अनुरूप नए लक्षित बाज़ार क्षेत्र स्थापित करना।**<br>प्रमुख घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों के साथ-साथ व्यावसायिक कार्यक्रम, शिक्षा, दोस्तों और रिश्तेदारों से मुलाकातें और खेल प्राथमिकता वाले क्षेत्र होंगे।<br><br>**पर्यटक परिसरों और आस-पड़ोसों में नए या संवर्धित किए गए विश्व-स्तर के पर्यटक अनुभव, उत्पाद और सेवाएँ।**<br>संवर्धित और नए पर्यटक अनुभवों और गतिविधियों के लिए साझेदारियों के साथ सांस्कृतिक विरासत के कार्यक्रमों और व्याख्या के लिए एक समन्वित और एकीकृत दृष्टिकोण शहर की प्रतिष्ठा में एक जीवंत, समकालीन और स्वागतमय स्थान के रूप में योगदान देगा।<br><br>**स्थानीय सरकारी क्षेत्र में पहुँच और सुविधा समाधान।**<br>सूचना और परिवहन के लिए एक नगर-व्यापी, साझेदारी पर आधारित दृष्टिकोण; समावेशी पहुँच समाधान, और विकासशील बाजारों का समर्थन करने के लिए नई और बेहतर सुविधाएँ। |
| **उद्योग विकास** | **DMP के क्रियान्वयन का समर्थन करने के लिए एक मजबूत नेतृत्व, नेटवर्किंग और साझेदारी ढाँचा।**<br>पहचाने गए स्थानों और विकास क्षेत्रों की वृद्धि के समर्थन के लिए उद्योग और अन्य सरकारी संगठनों के साथ भागीदारी की भूमिका को सशक्त और विस्तृत करना।<br><br>**निरंतर क्षमता निर्माण और व्यापारिक साझेदारी।**<br>पर्यटक अर्थव्यवस्था में काम करने वाले व्यवसाय और व्यक्ति ऐसे कार्यक्रमों और संसाधनों का लाभ उठा सकते हैं जो उन्हें अपने वर्तमान और भविष्य के ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार करते हैं। |
| **गंतव्य स्थिति-निर्धारण और प्रचार-प्रसार** | **स्थानीय सरकारी क्षेत्र की स्थिति का निर्धारण, प्रचार-प्रसार और संचार।**<br>पैरामाटा शहर को एक गंतव्य के रूप में अपना पसंदीदा स्थान बनाने के लिए एक नगर-व्यापी विपणन कार्यनीति (अवकाश और व्यापारिक आगंतुक क्षेत्र सहित) DMP के गंतव्य विषयों, पहचाने गए परिसरों और आगंतुकों की भागीदारी के ढाँचों का समर्थन करेगी।<br><br>**ग्राहकों/आगंतुकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्मार्ट संचार।**<br>स्मार्ट सोच वर्तमान और भविष्य की सूचना और प्रौद्योगिकी चुनौतियों और अवसरों को पूरा करने के लिए शहर और उद्योग हितधारकों को लैस करेगी।<br><br>**ग्राहक-केन्द्रित अनुभवों और संचारों की जानकारी से संबन्धित अनुसंधान तथा उद्योग-ज्ञान।**<br>तकनीकी का उपयोग करके एक सुदृढ़ और सूचित ज्ञान-आधार गुणवत्तापूर्ण पर्यटक उत्पादों, सेवाओं और अनुभवों के वितरण में सहायक होगा। |

# हम अपनी सफलता कैसे मापेंगे?

DMP के उद्देश्यों को गंतव्य-व्यापी मापों की तुलना के अनुरूप निर्धारित किया जाएगा। इसमें शहर के प्रति समय के साथ बदलती हुई धारणाओं पर दृष्टि बनाए रखना तथा पर्यटकों की संख्याओं और खर्च का निरीक्षण करना शामिल होगा।

उद्योग क्षेत्र और परिसर उपायों में पूरे शहर-भर में उत्पादों और अनुभवों की एक विस्तृत श्रृंखला; चुनिंदा जगहों और व्यवसायों के लिए ग्राहक संतुष्टि के स्तर और उत्पाद एवं अनुभव-निर्माण कार्यक्रमों में उद्योगों की भागीदारी के स्तर के साथ-साथ प्रचार-प्रसार की पहलें भी शामिल होंगी।


पैरामाटा में जन्नावी नृत्य वंश का प्रदर्शन



सिडनी ओलंपिक पार्क

# संपर्क जानकारी और कड़ियाँ

## अपनी राय दें


गंतव्य प्रबंधन योजना के मसौदे पर अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए काउंसिल के संलग्नता पोर्टल **www.oursay.org/cityofparramatta** पर जाएँ।

## और अधिक जानकारी

गंतव्य प्रबंधन योजना के संपूर्ण मसौदे को पढ़ने के लिए **www.oursay.org/cityofparramatta** पर जाएँ।

पैरामाटा शहर गंतव्य प्रबंधन योजना के बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने या कोई प्रश्न पूछने के लिए कृपया इस पते पर ई-मेल भेजें:
**DestinationParramatta@cityofparramatta.nsw.gov.au**

पैरामाटा शहर में क्या हो रहा है, इसके बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कृपया इस वेबसाइट पर जाएँ: **डिस्कवर पैरामाटा (www.discoverparramatta.com)।**





व्हिटलैम संस्थान
पश्चिमी सिडनी विश्वविद्यालय पैरामाटा

discoverparramatta.com

CITY OF PARRAMATTA